दिन– गुरुवार दिनांक– 24 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर विधानमंडल के दोनों सदनों में कल लगातार तीसरे दिन गतिरोध की स्थिति बनी रही।

02. केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति–दो हजार पच्चीस की घोषणा करेंगे।

03. भाजपा के मिश्रीलाल यादव की विधानसभा सदस्यता बहाल। पटना उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धी को रद्द किया।

04. और, गंगा, गंडक तथा कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। सुपौल में कोसी बराज से कल इस वर्ष का सबसे अधिक डिस्चार्ज रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर विधानमंडल के दोनों सदनों में कल लगातार तीसरे दिन भी गतिरोध की स्थिति बनी रही। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि एसआईआर के मुद्दे को लेकर विरोध बिल्कुल अनुचित है। सदन के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि सरकार भी चाहती है कि कोई भी सही मतदाता नहीं छूटना चाहिए।

———बाईट———

इस बीच, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि विपक्षी पार्टियों का विरोध एसआईआर को लेकर नहीं बल्कि इसकी प्रक्रिया पर है।

———बाईट———

इधर, आज विधानमंडल की कार्यवाही के चौथे दिन विधानसभा में प्रथम अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद होगा।

———————————————————————

विधानसभा ने कल छह विधेयकों को पारित कर दिया। इन विधेयकों में बिहार दुकान और प्रतिष्ठान विधेयक, बिहार प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगार विधेयक, जन नायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय विधेयक, बिहार पशु प्रजनन विनियमन विधेयक, बिहार कृषि विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक और कारखाना संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस शामिल हैं। बिहार दुकान और प्रतिष्ठान विधेयक के तहत दस या उससे अधिक श्रमिक वाली दुकानों और प्रतिष्ठानों का श्रम विभाग से पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। विधेयक के अनुसार मजदूरी का भुगतान के लिए एक महीने

की समय सीमा तय की गयी है। भुगतान बैंक या डाकघर के खाते में करना होगा। कामगारों को आकस्मिक, अर्जित और मेडिकल अवकाश मिलेगा। विधेयक में श्रमिकों के लिए एक सप्ताह में अधिकतम अड़तालीस घंटे कार्य की समय सीमा तय की गयी है। विधेयक के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर नियोजकों पर दस हजार रूपये से लेकर पच्चीस हजार रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

———————————————————

राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान अब तक  अट्ठानवे प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सात करोड़ सत्रह लाख से अधिक गणना फार्म एकत्र किए गए हैं। अब केवल पंद्रह लाख मतदाताओं को ही अपने फार्म जमा कराने हैं।

———————————————————

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति–दो हजार पच्चीस की घोषणा करेंगे। कार्यक्रम अटल अक्षय ऊर्जा भवन में आयोजित होगा। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि नवादा और औरंगाबाद के देवकुंड में राज्य सरकार द्वारा उपयुक्त जमीन का हस्तानांतरण नहीं होने के कारण केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं हो सकी है। राज्यसभा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेन्द्र कुशवाहा के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन दोनों जगहों पर केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को अगस्त दो हजार अठारह में ही स्वीकृति दे दी गयी थी।

———————————————————

बिहार विधानसभा सचिवालय ने भाजपा के मिश्रीलाल यादव की सदस्यता फिर से बहाल कर दी है। मिश्रीलाल यादव को दरभंगा की एमपीएमएलए अदालत ने एक आपराधिक मामले में दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी सदस्यता रद्द कर दी गयी थी। श्री यादव ने निचली अदालत के फैसले को पटना हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। पटना उच्च न्यायालय ने उनकी दोषसिद्धी को रद्द कर दिया था। इसके बाद उनकी सदस्यता बहाल हुई है। श्री यादव दरभंगा के अलीनगर से विधायक हैं।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को विभिन्न विद्यालयों में दो हजार बारह से पहले नियुक्त शिक्षकों को स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान देने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति पूर्णेंदु सिंह की एकल पीठ ने एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया। न्यायालय ने तीन महीने में प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया है।

—————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि वैवाहिक विवादों में शिकायत या प्राथमिकी दर्ज होने के दो महीने तक न तो किसी की गिरफ्तारी होगी और न ही किसी प्रकार कार्रवाई की जायेगी। मामले को परिवार कल्याण समिति को भेजना होगा। प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायामूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने वैवाहिक विवादों में बीएनएस की धारा पचासी के दुरूपयोग को रोकने के लिए परिवार कल्याण समिति के गठन के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा निर्धारित सुरक्षा उपायों को मंजूरी दी। साथ ही न्यायालय ने देशभर के सभी जिलों में संबंधित और सक्षम प्राधिकार को इन दिशा–निर्देशों को लागू करने और इसके प्रभावी कार्यान्वयन का आदेश दिया।

—————————————————————

गंगा, गंडक और कोसी समेत प्रदेश से होकर गुजरने वाली विभिन्न नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गंगा नदी अभी भी पटना के गांधी घाट और हाथीदह में लाल निशान से ऊपर बनी हुई है। भागलपुर के कहलगांव में भी नदी का जलस्तर लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में और कोसी नदी कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान को पार कर गयी है। इधर, सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोसी बराज से कल इस वर्ष का सबसे अधिक डिस्चार्ज रिकॉर्ड किया गया।

———रिपोर्ट———

नेपाल में हो रही भारी बारिश के कारण कल शाम कोसी नदी का डिस्चार्ज एक लाख चौरानवे हजार क्यूकेस दर्ज किया गया, जो इस साल का सबसे अधिक है। हालांकि आज सुबह नदी के जलस्तर में कमी दर्ज की गयी। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भीमनगर कोसी बराज से आज सुबह एक लाख अड़तीस हजार क्यूसेक पानी घटते क्रम में छोड़ा गया। वहीं, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र बाराह में भी घटते क्रम में निन्यानवे हजार पांच सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इधर, भीमनगर कोसी बराज पर पानी के बढ़ते दवाब के देखते हुये छप्पन में से इक्कीस फाटक खोल दिये गये हैं। अभी कोसी के सभी तटबंध सुरक्षित हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

इधर, कटिहार, मुंगेर, खगड़िया और बेगूसराय जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार नालंदा, भोजपुर, वैशाली और पटना जिले में भी विभिन्न छोटी–बड़ी नदियों का पानी नये इलाकों में फैल रहा है।

—————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मानसून की सक्रियता में कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, बांका, जमुई और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

———बाइट———

———————————————————————

मधुबनी जिले के बासोपट्‌टी थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत—नेपाल सीमा के पास सिमरारी चौकी पर भारत में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर रहे संदिग्धों के साथ एसएसबी जवानों की झड़प हो गई। विरोध कर रहे लोगों ने चेकपोस्ट पर पथराव कर दिया। उपद्रवियों ने एसएसबी जवानों से हथियार छीनने की भी कोशिश की। इसके जवाब में एसएसबी की ओर से फायरिंग की गयी, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। एक जवान को भी गोली लगी है। वरीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करवाया। इधर, पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य संदिग्ध मौके से फरार हो गये हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

———————————————————————

वैशाली जिले के हाजीपुर—महुआ मुख्य मार्ग पर रंगीला चौक के पास एक हाईवा और ट्रक की टक्कर में ट्रक सवार पिता—पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————

आरा की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————

रेलवे सुरक्षा बल ने अभियान के दौरान कटिहार रेलवे स्टेशन पर डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के एक डिब्बे से इक्यावन किलो गांजा बरामद किया है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर ई—रिक्शा चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने विधानसभा में मुख्यमंत्री के बयान को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– राजद बेवजह वोटर सत्यापन को मुद्दा बना रहा।

दैनिक जागरण ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– शोर–शराबे के बीच नीतीश ने तेजस्वी को चुनाव मैदान में चलने की दी चुनौती।

प्रभात खबर ने लिखा है– आईआरसीटीसी घोटाले में लालू पर फैसला पांच तक टला।

दैनिक भास्कर लिखता है– नये बिजली कनेक्शन का नियम बदला। पत्नी, बेटा, बेटी, बहु के नाम से अलग–अलग बिजली कनेक्शन नहीं।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर विधानमंडल के दोनों सदनों में कल लगातार तीसरे दिन गतिरोध की स्थिति बनी रही।

02. केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति–दो हजार पच्चीस की घोषणा करेंगे।

03. भाजपा के मिश्रीलाल यादव की विधानसभा सदस्यता बहाल। पटना उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धी को रद्द किया।

04. और, गंगा, गंडक तथा कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। सुपौल में कोसी बराज से कल इस वर्ष का सबसे अधिक डिस्चार्ज रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।